**प्रसार भारती**

**भारतीय प्रसारण निगम**

**आकाशवाणी केन्द्र शिमला**

**''आज के मुख्य समाचार''**

- राष्ट्रव्यापी एच पी वी टीकाकरण कार्यक्रम का प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी राजस्थान के अजमेर से करेंगे शुभारंभ–एक करोड़ से अधिक बालिकाओं के टीकाकरण का लक्ष्य।
- मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू एच पी वी टीकाकरण के राज्य स्तरीय अभियान की शिमला से करेंगे शुरूआत।
- हिमाचल में नई पंचायतों के गठन की प्रकिया पूरी, अधिसूचना जारी–अब पंचायतों की संख्या 3 हजार 6 सौ 16 हुई।
- केंद्र सरकार की मिशन वात्सल्य भारत योजना अनाथ व बेघर बच्चों के लिए बनी मददगार।
  और
- राज्य में बारिश व बर्फबारी न होने से बने सूखे जैसे हालात–फरवरी माह में सामान्य से 84 फीसदी कम बारिश दर्ज।

**अब समाचार विस्तार से..........**

**पीएम–एचपीवी वैक्सीन**

राष्ट्रव्यापी ह्यूमन पैपिलोमावायरस–एचपीवी टीकाकरण कार्यक्रम आज से शुरू हो रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी राजस्थान के अजमेर से आज इस कार्यक्रम का शुभारंभ करेंगे। इस कार्यक्रम का लक्ष्य प्रतिवर्ष सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में 14 वर्ष तक की लगभग एक करोड़ 15 लाख बालिकाओं का टीकाकरण करना है। यह टीका सरकारी स्वास्थ्य केंद्रों पर निःशुल्क उपलब्ध कराया जाएगा। टीकाकरण आयुष्मान आरोग्य मंदिरों, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों, उप–जिला और जिला अस्पतालों के साथ सरकारी चिकित्सा महाविद्यालयों और अस्पतालों में किया जाएगा। टीकाकरण स्वैच्छिक होगा और माता–पिता व अभिभावकों से पूर्व स्वीकृति प्राप्त की जाएगी। सर्वाइकल कैंसर देश में महिलाओं में दूसरा सबसे आम कैंसर है। इसके प्रतिवर्ष एक लाख 20 हजार से अधिक नए मामले सामने आते हैं और लगभग 80 हजार लोगों की मौत हो जाती हैं।

इस बीच मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू आईजीएमसी शिमला से राज्य स्तरीय एच पी वी टीकाकरण अभियान का शुभारंभ करेंगे।

**पंचायत गठन**

हिमाचल प्रदेश में 40 में से 39 नई पंचायतों के गठन की प्रक्रिया पूरी कर ली गई है। पंचायती राज विभाग ने इसकी अधिसूचना जारी कर दी है।

हिमाचल प्रदेश में 39 नई पंचायतें बनने के बाद अब कुल पंचायतों की संख्या बढ़कर 3 हजार 6 सौ 16 हो गई है। पहले यह संख्या 3 हजार 5 सौ 77 थी। हालांकि, पंचायतीराज विभाग के पास नई पंचायतों के गठन के लिए और भी आवेदन आ रहे हैं, लेकिन अब फिलहाल नई पंचायतें नहीं बनाई जाएंगी। मंडी की एक पंचायत के गठन में अभी पेच फंसा हुआ है। अब पंचायतीराज विभाग की तरफ से इन पंचायतों का पुनर्सीमांकन किया जाना है। एक सप्ताह में इनकी सीमाएं तय की जाएंगी। सुप्रीम कोर्ट के आदेशानुसार राज्य सरकार को 31 मई से पहले चुनाव कराने हैं। उधर, राज्य निर्वाचन आयोग ने भी चुनाव करवाने की तैयारियां तेज कर दी हैं। आकाशवाणी समाचार के लिए शिमला से योगराज शर्मा।

**वात्सल्य भारत योजना**

केन्द्रीय महिला व बाल विकास विभाग द्वारा अनाथ व बेघर बच्चों को संबल प्रदान करने के उद्देश्य से मिशन वात्सल्य भारत योजना शुरू की गई है। मिशन वात्सल्य योजना के माध्यम से उना जिला में 5 सौ 16 बच्चों को एक करोड़ से अधिक की आर्थिक सहायता प्रदान की गई है।

**मौसम**

हिमाचल प्रदेश में बारिश व बर्फबारी न होने से सूखे जैसे हालात बने हुए हैं। फरवरी महीने में सामान्य से 84 फ़ीसदी कम बारिश दर्ज की गई है। मौसम विज्ञान केंद्र शिमला के वैज्ञानिक संदीप कुमार शर्मा ने कहा कि फरवरी महीने में प्रदेश के सभी 12 जिलों में माइनस 70

से 90 फीसदी तक कम बारिश दर्ज की गई है और आगामी 5 मार्च तक भी बारिश के कोई आसार नहीं है। 3 मार्च से तापमानं में और अधिक बढ़ोतरी होने का अनुमान है।

**नशा तस्कर**

शिमला पुलिस की नशा तस्करों के खिलाफ कार्यवाही लगातार जारी है। रोहड़ू में दर्ज चिट्टा तस्करी के एक बड़े मामले में पुलिस ने नेटवर्क को ध्वस्त करते हुए पंजाब के मुख्य सरगना को गिरफ्तार किया है। इस पूरे मामले में अब तक 7 आरोपियों की गिरफ्तारी हो चुकी है। ए.एस.पी शिमला अभिषेक ने बताया कि ये मामला इस महीने 2 तारीख से जुड़ा है, जिसमें रोहड़ू के मेहंदली पुल के पास पुलिस ने पंजाब के दो युवकों को 83 ग्राम चिट्टा के साथ गिरफ्तार किया था। उन्होंने बताया कि इस वर्ष अब तक शिमला पुलिस ने एनडीपीएस एक्ट के तहत 56 मुकदमे दर्ज कर एक सौ 11 आरोपियों को गिरफ्तार किया है और ये अभियान लगातार जारी रहेगा।

**मुकेश अग्निहोत्री**

उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने कहा है कि केंद्र सरकार की प्रसाद योजना के तहत 56 करोड़ रुपये के अलावा राज्य सरकार के 75 करोड़ रुपये ज़िला प्रशासन के पास उपलब्ध हैं, जिससे मंदिर में श्रद्धालुओं को बेहतर सुविधाएं देने और परिसर का सौंदर्यीकरण किया जाना प्रस्तावित है। ऊना में ज़िला जन शिकायत निवारण समिति की बैठक की अध्यक्षता करते हुए उन्होंने माता चिंतपूर्णी मंदिर में विकास कार्यों के आरंभ होने में अत्यधिक देरी पर चिंता जताई। अग्निहोत्री ने अधिकारियों से कहा कि यदि राजनीतिक इच्छा शक्ति प्रशासनिक स्तर पर परिलक्षित न हो तो योजनाएं मूर्त रूप नहीं ले सकती है। अग्निहोत्री ने संबंधित अधिकारियों को दक्षिण भारत के मंदिरों के विकास मॉडल से सीख लेने की सलाह दी।

**राष्ट्रीय विज्ञान दिवस**

देश भर में आज राष्ट्रीय विज्ञान दिवस मनाया जा रहा है। यह दिवस प्रति वर्ष 28 फरवरी को महान भौतिकी वैज्ञानिक सर सी.वी. रमन द्वारा 'रमन प्रभाव' की खोज की स्मृति में मनाया जाता है। इस अभूतपूर्व खोज के लिए सर रमन को 1930 में नोबेल पुरस्कार से सम्मानित किया गया था। इस वर्ष का विषय है "विज्ञान में महिलाएं: विकसित भारत की उत्प्रेरक"। यह विषय वैज्ञानिक प्रगति को भारत के एक विकसित राष्ट्र बनने के दृष्टिकोण से जोड़ता है और महिला शोधकर्ताओं व नवप्रवर्तकों की भूमिका को मान्यता देता है।

आकाशवाणी

**और अब सुर्खियां समाचार पत्रों से..........**

आज समाचार पत्रों ने अलग–अलग खबरों को प्रमुखता दी है। **अमर उजाला** के शब्द हैं **हिमाचल में 39 नई पंचायतें गठित तीन चरणों में हो सकते हैं चुनाव।**

मौसम की खबर को **पंजाब केसरी** ने शीर्षक दिया है **अटल टनल सहित ऊंचे इलाकों में गिरे फाहे, जोत व धर्मशाला में बारिश। दैनिक भास्कर** ने लिखा है **फाल**

**गुन में मौसम के रंग–अटल टनल रोहतांग समेत लाहौल की ऊंची चोटियों पर हिमपात।**

**हमीरपुर में खुलेंगे दो नए कार्यालय शीर्षक से दिव्य हिमाचल** ने लिखा है सीएम का ऐलान, ट्रांसपोर्ट के नए विंग के साथ मिलेगा अर्बन डिवेल्पमेंट विभाग का मुख्यालय।

हिमाचल–दिल्ली पुलिस विवाद की खबर पर **हिमाचल दस्तक** ने मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह के हवाले से लिखा है **बेहतर होता दिल्ली पुलिस प्रोटोकॉल फॉलो करती।**

**''अंत में मुख्य समाचार एक बार फिर''**

- राष्ट्रव्यापी एच पी वी टीकाकरण कार्यक्रम का प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी राजस्थान के अजमेर से करेंगे शुभारंभ–एक करोड़ से अधिक बालिकाओं के टीकाकरण का लक्ष्य।
- मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू एच पी वी टीकाकरण के राज्य स्तरीय अभियान की शिमला से करेंगे शुरूआत।
- हिमाचल में नई पंचायतों के गठन की प्रकिया पूरी, अधिसूचना जारी–अब पंचायतों की संख्या 3 हजार 6 सौ 16 हुई।
- केंद्र सरकार की मिशन वात्सल्य भारत योजना अनाथ व बेघर बच्चों के लिए बनी मददगार।

और

- राज्य में बारिश व बर्फबारी न होने से बने सूखे जैसे हालात–फरवरी माह में सामान्य से 84 फीसदी कम बारिश दर्ज।

**इसी के साथ ये समाचार बुलेटिन समाप्त हुआ। अगला बुलेटिन आप सुन सकते हैं सुबह 11 00 बजे नमस्कार।**